महत्वपूर्ण एवं खास

नक्सलियों ने लौह अयस्क परिवहन करने वाले ट्रक को आग के हवाले किया

नारायणपुर (आरएनएस)। नक्सलियों ने आमदई घाटी में बडग़ांव के पास लौह अयस्क परिवहन करने वाले ट्रक को सोमवार की रात करीब 09:30 बजे आग के हवाले कर दिया है। आमदई खदान के विरोध में नक्सलियों ने पोस्टर भी लगाया था। इस बैनर पोस्टर की घटना को अंजाम देते हुए नक्सलियों ने आमदई घाटी में आगजनी की घटना को अंजाम दिया दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटेडोंगर के आमदाई खदान से लौह अयस्क लेकर ट्रक रायपुर की ओर जा रही थी, इसी दौरान बडग़ांव के पास ट्रक खराब हो गई, जिसके बाद चालक ने सडक़ किनारे ट्रक को खड़े कर दिया था। खराब खड़े ट्रक का नक्सलियों ने फायदा उठाते हुए देर रात करीब 09:30 बजे ट्रक पर आग के हवाले कर दिया है।

ट्रक ने पोल को मारी टक्कर, एक घंटे शहर की बिजली गुल

कोरबा (आरएनएस)। शहर के सीएसईबी चौक के पास एक ट्रक ने बिजली पोल को ठोकर मार दी। हालांकि समय रहते चालक के वाहन पर नियंत्रण पा लेने से पोल क्षतिग्रस्त नहीं हुई लेकिन खंभे में करंट प्रवाहित तार आपस में चिपक गए और शार्ट सर्किट की वजह से टीपी नगर समेत शहर के कुछ हिस्से की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। तुलसी नगर जोन बिजली वितरण विभाग शहर का मैदानी अमला मौके पर पहुंचा और सुधार कार्य में जुट गया। करीब एक घंटे तक जरूरी मेंटेनेंस के बाद बिजली आपूर्ति सामान्य हो पायी। बिजली वितरण विभाग शहर के सहायक अभियंता तुषार सिन्हा ने बताया कि सीएसईबी चौक के पास चालक ने खंभे के पास ट्रक खड़ा किया था। वाहन स्टार्ट करने पर कंपन की वजह से बिजली पोल में करंट प्रवाहित तार आपस में सट गए और ओवर करंट की स्थिति बनी। पोल को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। जांच के बाद पुन: बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

दंतैलों ने मचाई दहशत : एक ही रात में 4 घरों को तोड़ा, अनाज-राशन सब खा गए

जशपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात अभी भी जारी है। बीती रात ग्राम पंचायत कछार में हाथियों ने चार घरों को तोड़ दिया। वहीं घर में रखे अनाज को भी हाथियों ने खा लिया है। बता दें कि बीते दो महीनों से दो दंतैल हाथियों ने कई दर्जन घरों को तोड़ दिया। हाथियों के दशहत में लोग रतजगा करने को मजबूर हो गए हैं। दरअसल पत्थलगांव वनपरिक्षेत्र के ग्राम बिलडेगी, चिकनिपानी, सरईटोला, डुमरबहार, वनगांव, लुड़ेग, शेखरपुर, कछार सहित लगभग आधे दर्जन गांवों में हाथियों के आतंक से लोग बेहद परेशान हैं। बीते दो माह में हाथियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी। वहीं करीब तीन दर्जन से अधिक घरों को तोड़ दिया गया है। घर के लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई है। हाथियों ने घर की बाड़ी में लगी सब्जियों को रौंद दिया। हाथियों के दहशत में ग्रामीण रातभर जागने के लिए मजबूर हैं। वन परिक्षेत्राधिकारी कृपा सिंधु पैंकरा ने बताया कि वन अमला हाथियों पर पैनी नजर बनाए हुए है। वहीं वन अमला घरों के नुकसान के आंकलन में भी जुटा हुआ है।

सीजीपीएससी आयोजित व्यवहार न्यायाधीश की परीक्षा 26 को होगी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) परीक्षा- 2022 की परीक्षा 26 फरवरी (रविवार) को सबेरे 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक आयोग द्वारा निर्धारित 37 परीक्षा केन्द्रो में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी परीक्षा शाखा रूचि शर्मा को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक कौशल विकास विभाग केदार पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए संवेदना अभियान के माध्यम से लोगों को करें जागरूक -कलेक्टर तारन प्रकाश

- वन्य जीव शिकारी एवं लकड़ी तस्करों पर बिना डरे करें कार्यवाही
- हाथियों के सुरक्षा हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई संपन्न
- रागी, कोदो-कुटकी खरीदी की मात्रा बढ़ाने के दिए निर्देश

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रोरेट सभाकक्ष में हाथियों की सुरक्षा हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर सिन्हा द्वारा जिले में हाथियों की उपस्थिति एवं क्षेत्र की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया की जिले में लगभग 51 हाथी उपस्थित है। जिसका समय-समय पर लोकेशन लेकर ग्रामीणों को सूचना दी जाती है। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने जंगली हाथियों की सुरक्षा एवं हाथी मानव द्वंद की समस्या से निपटने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ ने बताया कि वन विभाग द्वारा नियमित गश्त किया जा रहा है। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में आपातकालीन की स्थिति में ग्रामीणों का रेस्क्यू कार्य भी किया जाता है। इसके अलावा सूचना और सुरक्षा के लिए हाथी मित्र भी बनाए गए है। साथ ही इन कार्यों में ग्रामीणों का भी सहयोग

लिया जा रहा है।

कलेक्टर सिन्हा ने जन हानि, जन घायल, पशु हानि, फसल हानि एवं अन्य संपत्ति हानि के प्रकरणों का त्वरित निराकरण एवं मुआवजा भुगतान की समीक्षा की। विभागीय अधिकारी ने बताया कि जिले में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुआवजा राशि प्रदान किया जा रहा है।

बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने संवेदना अभियान के माध्यम से लोगों को वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन की विस्तृत जानकारी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा की विकासखंड स्तर पर होने वाले प्रत्येक विभागीय बैठक में सरपंच, सचिव को शामिल करें एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को वन्य जीव सुरक्षा कानून की जानकारी दें। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने कहा जिन क्षेत्रों में वन्य जीव शिकार एवं लकड़ी तस्करी की जाती है, उन क्षेत्रों में तस्करों पर बिना भय के कार्यवाही करें। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर सभी फॉरेस्ट एरिया में फॉरेस्ट फायर से निपटने हेतु व्यापक तैयारी करने के निर्देश दिए। डीएफओ सुश्री मंडावी के अनुरोध पर कलेक्टर सिन्हा ने वन क्षेत्रों से गुजरने वाली एवं मानक उंचाई से नीचे झूल रहे बिजली के तारों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ जंगली जानवर के रिहायशी क्षेत्रों में प्रवेश करने पर देखने के लिए उमडऩे वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस विभाग की सहायता की मांग की। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने पुलिस विभाग को सहयोग के लिए निर्देशित किए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर भरत राम धुरव, उप पुलिस अधीक्षक बेनिदिक्त मिंज, ईई विद्युत विभाग गुंजन शर्मा, एस.के.साहू, उप वन मंडलाधिकारी रायगढ़ एम.एम.मिश्रा, उप वन मंडलाधिकारी घरघोड़ा मनोज कुमार विश्वकर्मा, उप वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ बाल गोविन्द साहू उपस्थित रहे।

रागी, कोदो-कुटकी की खरीदी में करें वृद्धि- कलेक्टर सिन्हा ने समर्थन मूल्य पर वनोपज खरीदी की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कुल 65 वनोपज की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर सिन्हा ने विकासखण्डवार रागी, कोदो-कुटकी खरीदी की समीक्षा करते हुए रागी और कोदो-कुटकी खरीदी की मात्रा में वृद्धि करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वन धन केंद्र की जानकारी लेते हुए कहा कि वनधन केंद्र की महिला समूहों के आय में वृद्धि के लिए उन्हे रीपा गोठानों से जोड़ा जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आवर्ती चराई केंद्रों में नियमित गोबर खरीदी के साथ एंट्री के निर्देश दिए।

मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को इलाज के लिए मेंटल अस्पताल में कराया भर्ती, युवक के बिछड़े परिजनों की तलाश जारी

- भूपदेवपुर पुलिस की मानवीय पहल

रायगढ़। थाना भूपदेवपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंघनपुर के पास बीते तीन-चार माह से करीब 30-35 साल का एक युवक होटल, दुकानों तथा राम झरना पर्यटक स्थल के सामने घूमते देखा गया है। स्थानीय लोगो के मुताबिक युवक कभी-कभी आक्रोशित होकर गाड़ियों को रोकने दौड़ने लगता है। उसकी हरकतों से महिलाएं व बच्चे डर हुए हैं। युवक के बर्ताव से कभी भी युवक बड़ी दुर्घटना का शिकार हो सकता है। थाना प्रभारी भूपदेवपुर उपनिरीक्षक जी.पी. बंजारे के संज्ञान में मामला आने पर उनके द्वारा अपने थाने के स्टाफ से वस्तुस्थिति

का पता लगाये। तब जानकारी मिली कि युवक की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं है । थाना प्रभारी स्वयं रुचि लेकर युवक को थाने लाए उसे अच्छे कपड़े पहनने के लिए उपलब्ध करा कर भोजन कराये। उसके बाद युवक का जिला चिकित्सालय में चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। डॉक्टर द्वारा युवक को मानसिक रूप से अस्वस्थ होना बताकर उसे मेंटल हॉस्पिटल सेंद्री बिलासपुर में बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराने की सलाह दिए जिस पर थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार को अवगत कराया गया जिनके मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी ने युवक को आज सीजीएम कोर्ट में पेश कर माननीय न्यायाधीश से युवक के बेहतर इलाज के लिए गुहार लगाए। युवक की स्थिति देखकर माननीय न्यायालय द्वारा युवक को इलाज के लिए मेंटल अस्पताल सेंद्री में भर्ती कराए जाने का आदेश पारित किए। आदेश के पालन में आज भूपदेवपुर थाने के स्टाफ द्वारा युवक को बिलासपुर ले जाकर सेंद्री अस्पताल भर्ती कराया गया है। दूसरी ओर भूपदेवपुर पुलिस के द्वारा युवक से बिछड़े परिजनों का पता तलाश किया गया। युवक के फोटोग्राफ्स कई व्हाटसअप ग्रुप में वायरल कर लोगों से अपील कर जानकारी दी गई है कि युवक को सेंद्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है , जहां जाकर परिजन अपने खोये युवक से मिल सकते हैं। भूपदेवपुर पुलिस की इस मानवीय पहल में थाना प्रभारी भूपदेवपुर उपनिरीक्षक जी.पी. बंजारे तथा आरक्षक जक्शन बघेल की सराहनीय भूमिका रही है।

40 फीट ऊंची टंकी पर शर्ट का फंदा बनाकर झूल गया युवक, मचा हड़कंप

सक्ती (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने 40 फीट ऊंची टंकी पर चढक़र अपने शर्ट का फंदा बनाया और फांसी पर झूल गया। सोमवार सुबह टंकी पर लटकी लाश देखकर गांव में हडक़ंप मच गया। आनन फानन में पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को किसी तरह से टंकी से उतरवाया और पीएम के लिए भेज दिया गया है। युवक की आत्महत्या का कारण अज्ञात बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के जमगहन निवासी गनेंद्र साहू (29) रविवार को अपने एक रिश्तेदार के घर पर छठी कार्यक्रम में गया था। कार्यक्रम के बाद वह अपने रिश्तेदारों के साथ पिकअप में सवार होकर वापस घर लौट रहा था।

रास्ते में वह पिकअप से उतर गया। रिश्तेदारों को बताया कि कुछ काम याद आ गया है तो वह अपनी दीदी के घर पर जा रहा है। इसके बाद सोमवार सुबह लोगों ने टंकी पर उसकी लटकती हुई लाश देखी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि युवक ने आखिर खुदकुशी क्यों की थी।

एक्सपायरी ग्लूकोज चढ़ाई, नर्स के खिलाफ कार्यवाई कर जांच शुरू

कोरबा (आरएनएस)। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोमवार को एक महिला मरीज को एक्सपायरी ग्लूकोज चढ़ा दी गई। इसकी जानकारी होते ही बोतल को बदला गया। अस्पताल प्रबंधन ने नर्सिंग सिस्टर पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले में जांच बैठा दी है। मेडिकल कॉलेज संबद्ध अस्पताल के सर्जिकल महिला वार्ड में भर्ती एक महिला मरीज को सोमवार की दोपहर नर्सिंग स्टाफ ने सीजीएमएससी से आया ग्लूकोज बॉटल चढ़ाया। बोतल से करीब 20 फीसदी ग्लूकोज महिला मरीज के शरीर में गया था कि इस दौरान परिजन की नजर उसके एक्सपायरी तिथि पर पड़ी। उससे उनके होश उड़ गए। बॉटल की एक्सपायरी तिथि करीब 3 माह पहले की थी। इस तरह एक्सपायरी होने की जानकारी उन्होंने नर्सिंग स्टाफ को दी। आनन-फानन में नर्सिंग स्टाफ ने बॉटल को बदला। परिजन ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन को जानकारी दी। साथ ही एक्सपायरी ग्लूकोज बॉटल चढ़ाए जाने का वीडियो भी दिखाया, जिसे मोबाइल से तैयार कर लिया गया था। वीडियो देखते हुए तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.अविनाश मेश्राम ने नर्सिंग सिस्टर पर कार्रवाई करते हुए वार्ड से ऑफिस अटैच कर मामले में जांच बैठा दी। इस संबंध में डीन डॉ. मेश्राम के मुताबिक महिला मरीज के स्वास्थ्य पर किसी तरह का असर नहीं पड़ा है, लेकिन अस्पताल में एक्सपायरी दवाई का इस्तेमाल घोर लापरवाही है।

अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस : स्कूल शिक्षा मंत्री ने किया आन-डिमांड बहु-भाषा शिक्षण पर आनलाईन कोर्स का शुभारंभ

- राज्य में भाषाई सर्वे के आधार बहु-भाषा शिक्षण की पठन सामग्री का विमोचन

रायपुर (आरएनएस)। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर आदिवासी बच्चों की शिक्षा में सुधार के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत की। उन्होंने जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों के लिए ऑनलाईन डिमांड बहु-भाषा शिक्षण के लिए ऑनलाईन कोर्स का शुभारंभ किया। राज्य में भाषाई सर्वे के आधार पर बच्चों को बहु-भाषा शिक्षण देने के लिए शिक्षकों के लिए पठन सामग्री का विमोचन किया। इसके साथ ही बच्चों को उनकी स्थानीय भाषा में कहानी सुनाने के लिए पॉडकास्ट का उपयोग करने शिक्षकों का ऑन डिमांड क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य में स्कूली बच्चों को उनकी स्थानीय भाषा में शिक्षा देने की घोषणा की गई है। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम द्वारा इस कार्य की निरंतर समीक्षा की जा रही है। जिसके आधार पर मातृभाषा शिक्षण पर विभिन्न कार्य प्रारंभ किए गए हैं, इसका लाभ राज्य में आदिवासी अंचल के बच्चों को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ पहला राज्य है जहां लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एल.एल.एफ.) और यूनिसेफ के सहयोग से भाषाई सर्वेक्षण का कार्य भी पूरा किया गया है। ऐसे में अब जब कक्षाओं में बच्चों को सीखने में स्थानीय भाषा का उपयोग किया जाना है, तो स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लिए ऑनलाईन कोर्स का शुभारंभ किया है। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम द्वारा सभी अधिकारियों से अपील की है कि वे इस कोर्स को अवश्य करें एवं शिक्षकों को स्थानीय भाषा में सीखने में सहयोग दें।

छत्तीसगढ़ पहला राज्य है जिसने बच्चों द्वारा बोली जाने वाली भाषा पर आधारित भाषाई सर्वे किया है। इस रिपोर्ट को समझने एवं स्कूलों में शिक्षकों को बहुभाषा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर जानकारी देते हुए शिक्षण विधियों में आवश्यक सुधार लाने हेतु समग्र शिक्षा की ओर से सन्दर्भ सामग्री तैयार की गयी है। यह सामग्री प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों को उपलब्ध करवाई जाएगी।

मोर आवास मोर अधिकार की मांग को लेकर आज होगा मंत्री बंगले के घेराव

रायपुर (आरएनएस)। मोर आवास मोर अधिकार योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों के हित में जिला भाजपा ने अध्यक्ष जयंती भाई पटेल के नेतृत्व में रायपुर नगर निगम के सभी 70 वार्डो में पहले नुक्कड़ सभाएँ की एवं स्टॉल लगाकर वंचित हितग्रहियों से फॉर्म भरवाए एवं उनकी मांगों को लेकर प्रदेश सरकार को घेरने आक्रामक मोड में है मोर आवास मोर अधिकार रोक के रखे हे भुपेश सरकार के नारों के साथ रायपुर शहर जिला की 3 विधानसभाओं जहाँ काँग्रेस विधायक है का घेराव किया जा चुका है जिसमे हजारों की संख्या में वंचितों ने एवं जिनका अल्प भुगतान हुआ है ऐसे लोगो ने फॉर्म इसी आशा के साथ भरा है कि भाजपा आएगी पक्का मकान दिलाएगी ज्ञात हो कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने मोर आवास मोर अधिकार रोक रखे हे कांग्रेस सरकार का नारा लोकसभा में दिया था एवं प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना भी साधा था।

जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल ने कहा कि 14 फरवरी से हमने मोर आवास मोर अधिकार के वंचित हितग्रहियों की मांग को लेकर को हमने विधानसभा वार कांग्रेस विधायकों के निवास घेराव की शुरुवात की जिसमे सर्वप्रथम उत्तर विधानसभा के विधायक कुलदीप जुनेजा का निवास घेराव किया गया , उसके पश्चात ग्रामीण , फिर पश्चिम और अब आखिर कार्यक्रम कल छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री रविन्द्र चौबे के निवास का घेराव किया जाएगा हम सभी भाजपा कार्यकर्ता जिला कार्यकर्ताओ के साथ सैकड़ो वंचित हितग्रहियों का समूह सहित मंत्री निवास घेर कर " मोर आवास मोर अधिकार के लिए अपनी आवाज बुलंद करेंगे अब समय आ गया है कि जनता कांग्रेस सरकार के 4 वर्ष के पश्चात अब सरकार के आंकलन करे एवं दिशाहीन निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने अपना अधिकार मांगने भाजपा के साथ खड़े हो , उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार ने प्रदेशभर के लगभग 16 लाख गरीबो के सपनों को पूरा नहीं होने दिया हम सभी वंचित हितग्राहियों को भरोसा दिलाते है कि भाजपा सरकार आते ही हर गरीब के सर पर छत का वादा हमारी भाजपा सरकार पूरा करेगी गरीब की मुख्य चिंता होती है उसके सर पर एक पक्की छत जिससे वह किसी भी मौषम की मार से अपने और अपने परिवार के बचाव हेतु निश्चिंत रहे भुपेश सरकार ने ऐसे सपने पालने वाले लाखों लोगो के साथ 4 साल मात्र राजनीतिक दुराग्रह के चलते छल किया एवं उन्हें वंचित रखा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिछड़े पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

ग्रामीण आजीविका हेतु गौठानों में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों को तय समय में करें पूर्ण -कलेक्टर

- मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना के लिए जगह करें चिन्हांकित
- कलेक्टर ने रीपा योजनांतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की ली समीक्षा बैठक

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज यहां रीपा योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न गौठानों में चले रहे निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा गांव की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए गौठान में

वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के साथ ही विभिन्न प्रकार की आर्थिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जा रहे हैं। गौठान और रीपा के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार मिल रहा है, ताकि महिला समूह की आय में वृद्धि हो और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। इसको ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी सारंगढ़, बिलाईगढ़ एवं बरमकेला के गौठानों में ग्रामीण आजीविका हेतु निर्माणाधीन कार्यों को तय समय पर पूरा कर उत्पादन का कार्य शीघ्र शुरू करें।

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने निर्माण कार्यों में पेवर ब्लॉक, बॉटलिंग प्लांट, हैण्डलूम, बेकरी, मुर्रा मिल, मसाला यूनिट, मशरूप उत्पादन इन योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने अचार और पापड़ बनाने की यूनिट स्थापित करने का सुझाव देते हुए उपस्थित सीईओ को मिलेट से निर्मित उत्पादों की बेहतर जानकारी हेतु रायगढ़ स्थित मिलेट कैफे का जायजा लेने कहा। उन्होंने जिले में मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना के संबंध में कृषि विभाग के अधिकारी को स्थान का चयन कर इस पर कार्य करने को कहा।

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर खरीदी, गौमूत्र खरीदी, जियोटैगिंग एवं वर्मी खाद की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की एवं स्थिति सुधार करने हेतु समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर सभी को प्राथमिकता से कार्य करने को कहा। उक्त समीक्षा बैठक के दौरान अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, सभी जनपद सीईओ, कृषि विभाग सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।